"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 2] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 13 जनवरी 2006—पौष 23 , शक 1927

भाग 3 (1)

विविध

निविदा सूचनाएं

बिलासपुर, दिनांक 19 दिसम्बर 2005

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक 40/त.शा./का. अ./लो. स्वा./05-06.—मुहरबंद एकमुश्त निविदाएं प्रपत्र "अ" में निम्नलिखित उल्लेखित नल-जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के कार्य हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा प्रस्तुत करने की समय सारिणी के अनुसार केवल छ.ग. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है.

निविदा उसी दिन निविदादाताओं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जावेंगे.

निविदा की समय सारिणी (केवल बिलासपुर खंड में)

(1)	कोरे निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय	:	13-01-2006 (कार्यालयीन अवधि)
(2)	कोरे निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से जारी करने की तिथि एवं समय	:	16-01-2006 (कार्यालयीन अवधि)
(3)	निविदा प्रस्तुत करने की तिथि	:	17-01-2006 (अपरान्ह 3 बजे तक)
(4)	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:	17-01-2006 (अपरान्ह 3.30 बजे तक)

कार्य का विवरण

बिलासपुर जिले के विभिन्न विकासखण्डों में नल जल स्थल योजना के तहत जल वितरण प्रणाली के लिये विभिन्न आकार के सी. आई. टाईटन. पाइप (क्लास एल. ए./यू. पी. व्ही. सी. पाइप क्लास 10 KG/CM^2 Pressure) बिछाने एवं जोड़ने का कार्य/कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री का संलग्न शेड्यूल के अनुसार स्थल पर प्रदाय, बिछाने एवं जोड़ने का कार्य एवं समस्त सिविल कार्य तथा वाल्व चैम्बर, स्टेण्डपोस्ट इत्यादि का निर्माण इन्टर कनेक्शन टेस्टिंग तथा पाइप लाइन चालू करने का एकमुश्त कार्य. (सभी सामग्री सहित). (संलग्न G/Schedule के अनुसार) एवं टंकी निर्माण स्थल में बाऊंड्री वाल का निर्माण कार्य एवं प्रस्तावित पंप गृहों का निर्माण. (संलग्न G/Schedule के अनुसार)

समूह क्रमांक	योजना का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाखों में)	धरोहर की राशि (रुपये)	निविदा प्रपत्र की कीमत (रुपये)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाऋतु छोड़कर)	ठेकेदारों की श्रेणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	ग्राम नेवसा विकासखण्ड-बिल्हा	13.50	10125/-	750/-	4 माह	ए-2/एस-2 एवं ऊपर
2.	ग्राम मस्तूरी विकासखण्ड-मस्तूरी	15.50	11650/-	750/-	4 माह	ए-2/एस-2 एवं ऊपर
3.	ग्राम दर्राभाटा विकासखण्ड-मस्तूरी	15.50	11650/-	750/-	4 माह	ए-2/एस-2 एवं ऊपर
4.	ग्राम रिस्दा विकासखण्ड-मस्तूरी	13.50	10125/-	750/-	4 माह	ए-2/एस-2 एवं ऊपर
5.	ग्राम मटियारी विकासखण्ड-बिल्हा	12.50	9375/-	750/-	4 माह	ए-2/एस-2 एवं ऊपर
6.	ग्राम सीपत विकासखण्ड-मस्तूरी	9.50	7125/-	750/-	3 माह	ए-1/एस-1 एवं ऊपर
7.	ग्राम मल्हार विकासखण्ड-मस्तूरी	8.50	6375/-	750/-	3 माह	ए-1/एस-1 एवं ऊपर
8.	ग्राम कौडिया विकासखण्ड-मस्तूरी	8.00	6000/-	750/-	3 माह	ए-1/एस-1 एवं ऊपर

निविदा की अन्य शर्तें

1. निविदा की अन्य शर्तें मुख्य निविदा एवं संक्षिप्त निविदा सूचना के अनुसार होगी. निविदा की अन्य जानकारी एवं विस्तृत विवरण हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है.

2. निविदा प्रपत्र एवं अन्य संबंधित जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र का मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं. डाक द्वारा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु रुपये 50/- (पचास रु. मात्र) डाक शुल्क देना होगा. डाक द्वारा निविदा प्रपत्र खो जाने अथवा समय पर प्राप्त न होने पर विभाग जिम्मेदार नहीं होगा.

3: यह निविदा विज्ञप्ति संबंधित निविदा का अंग है. विस्तृत निविदा सूचना एवं संबंधित प्रपत्रों की सारी शर्तें एवं नियमों के साथ इसके शर्तें भी लागू होंगे.

4. निविदा दरों की वैधता खुलने की दिनांक से 120 दिनों तक मान्य होगी.

5. कार्य की प्रवृत्ति के अनुसार निम्नलिखित दर सूची इस निविदा में लागू होगी.

सिविल कार्य

(अ) प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, (भवन तथा सड़क), रायपुर की नई दर सूची दिनांक 1-1-2000 से इस विभाग में लागू की गई है.

(ब) **पाइप लाइन बिछाने का कार्य :-** प्रमुख अभियंता, लोक स्वा. यां. विभाग, भोपाल (म. प्र.) की नयी Unified Schedule of Rates for the work of water supply & Sewerage pipe lines inforce for 1-9-2002 जो कि छ. ग. शासन उप-सचिव, लोक स्वा. यां. विभाग, रायपुर के पत्र क्र. 1597/सचिव/लो.स्वा.यां./रायपुर, दिनांक 1-10-2004 के अनुसार लागू की गई है.

उपरोक्त दोनों दर सूची निविदा जारी होने की दिनांक से समस्त संशोधन सहित लागू होंगी.

8. कार्य में लगने वाले सी. आई. टाईटन. पाइप (क्लास एल. ए./यू. पी. व्ही. सी. पाइप क्लास 10 KG/CM² Pressure), वाल्व, स्पेशल्स एवं अन्य आवश्यक सामग्री ठेकेदार को स्वयं लगाना होगा. प्रदाय की जाने वाली सामग्री D.G.S. & D./S.G.C./RITES द्वारा संबंधित I.S. Code के अनुसार निरक्षित एवं सत्यापित होनी चाहिये.

9. कार्य में लगने वाला स्टील ठेकेदार को लगाना होगा एवं स्टील का Testing प्रमाण-पत्र समय-समय पर प्रस्तुत करना होगा.

10. आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा कम/अधिक की जा सकती है.

11. सक्षम अधिकारी को निविदा स्वीकृत अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा.

12. निविदा प्रपत्र प्रदाय हेतु आवेदन के साथ निम्नलिखित जानकारी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जावे.

(Attested copy)

(1) छ. ग. शासन का वाणिज्यकर पंजीयन प्रमाण-पत्र.

(2) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छत्तीसगढ़ राज्य में पंजीकरण का वैध प्रमाण-पत्र.

(3) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के निष्पादन प्रमाण-पत्र के साथ संतोषजनक रूप से पूर्ण किये गये समान प्रकार के कार्यों की सूची, कार्य अनुबंधवार छ. ग. शासन के बिक्री पर पंजीकृत प्रमाण-पत्र तथा कार्य का नाम मंडल/विभाग का नाम, कार्य की मात्रा, प्रगति में कार्य की स्थिति तथा टिप्पणियों के साथ कार्यों की सूची संलग्न करना होगा. सफलतापूर्वक कार्य के संपादन हेतु उपलब्ध उपकरण/संयंत्रों की पूरी सूची.

(4) बिछाई गई पाइप लाइन की टेस्टिंग हेतु चलित देयक से 10% राशि रोकी जावेगी. जिसका भुगतान सम्पूर्ण लाइन की टेस्टिंग, लिकेज सुधार के साथ पूर्ण करने पर अंतिम देयक के साथ भुगतान किया जावेगा.

(5) ठेकेदार को इस प्रकार के कार्य को कम से कम रुपये 10 लाख की लागत का कार्य सम्पादन/अनुभव प्रमाण-पत्र/कम से कम कार्य पालन अभियंता स्तर के अथवा उच्च स्तर के अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो. आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रपत्र प्रदान किया जावेगा.

13. छ. ग. शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायपुर के आदेश दिनांक 1-10-04 के अनुसार कार्य के निरीक्षण में Third party Inspection का प्रावधान रखा गया है. इस तरह का निरीक्षण, बिलासपुर संभाग के अन्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सक्षम अधिकारी (बिलासपुर खंड को छोड़कर) समय-समय पर किया जावेगा. निरीक्षण के पश्चात् ही Payment schedule के अनुसार पूर्ण किये गये कार्यों का भुगतान कार्य की गुणवत्ता प्रमाण-पत्र प्राप्ति के पश्चात् किया जावेगा.

14. समस्त विवादों का निपटारा "सक्षम न्यायालय" में बिलासपुर जिले के अंतर्गत किया जावेगा.

15. निविदा सूचना छ. ग. शासन के वेबसाइट http/www/chhattisgarh/NIC IN/Tenders में भी उपलब्ध रहेगी. ठेकेदार/फर्म उक्त विज्ञप्ति E-MAIL के माध्यम से Pramarao @ c.g. nic. प्राप्त कर सकते हैं.

बिलासपुर, दिनांक 19 दिसम्बर 2005

संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति

निविदा क्रमांक 41/त.शा./लो. स्वा. यां./05-06.—छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित सामग्री के प्रदाय हेतु मुहरबंद निविदायें प्रपत्र सी में आमंत्रित की जाती है जो कि अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 17-1-2006 अपरान्ह 3.00 बजे तक छ. ग. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में पंजीकृत ठेकेदार/निर्माता/उनके अधिकृत डीलरों से जिन्हें इस निविदा सूचना में वर्णित कार्य करने में कुशलता प्राप्त हों एवं उन्होंने सफलतापूर्वक संचालित करने का अनुभव प्राप्त हो, से प्राप्त की जावेगी. ऐसी फर्मों को जिनका पंजीकरण विभाग में नहीं है, कार्य आवंटन के एक माह के भीतर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकरण कराना होगा.

निविदा संबंधी निर्धारित तिथि (केवल खंड कार्यालय, बिलासपुर में)

(1)	निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय	:	13-01-2006 (कार्यालयीन अवधि)
(2)	निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से जारी करने की तिथि एवं समय	:	16-01-2006 (कार्यालयीन अवधि)
(3)	निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय	:	17-01-2006 (अपरान्ह 3 बजे तक)
(4)	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:	17-01-2006 (अपरान्ह 3.30 बजे तक)

Schedule of Supply

Supply of Scanning Visible Spectrophometre (As per enclosed specification dully tested)

क्र.	सामग्री का विवरण	ठेके की अनुमानित लागत (लाखों में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	सामग्री प्रदाय पूर्ण करने की अवधि (वर्षाऋतु को छोड़कर)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	Supply of Scanning Visible Spectrophometre (As per enclosed technical Specification dully tested) Required one set.	3.50	3,500/-	750/-	एक माह

Terms & Condition

1. F.O.R. Destination P. H.E. Store Bilaspur (C.G.)

2. The authorised dealer/registered contractor will be have to produced authorization certificate from recognized manufactured along with application for obtaining tender documents.

3. **Payment** :- 80% payment will be made after receipt of materials in good condition and balance 20% after installation & commisioning certificate produced by the firm.

निविदा की अन्य शर्तें

1. निविदाएं निर्धारित पत्र एवं विस्तृत सूचना में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रस्तुत की जानी चाहिये. निविदा प्रपत्र के क्रय हेतु आवेदन पत्र कार्यपालन यंत्री, लोक स्वा. यांत्रिकी खंड, बिलासपुर के कार्यालय में दिनांक 13-1-2006 या उसके पूर्व पहुंच जाना चाहिये. बाद में आवेदन पत्र पर विचार नहीं होगा. आवेदन पत्र के साथ निम्न जानकारी संलग्न होना अनिवार्य है, अन्यथा प्रपत्र प्रदान नहीं किये जायेंगे.

2. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया पंजीयन प्रमाण-पत्र.

3. उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत होने का वैध पंजीयन प्रमाण-पत्र पंजीकृत ठेकेदार हेतु एवं पिछले बेलेंस शीट जो चार्टर्ड एकान्उटेंट के द्वारा सत्यापित होगा, ख्याति प्राप्त निर्माता एवं उनके अधिकृत विक्रेता के लिए सभी दस्तावेज किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित होना आवश्यक होगा अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा.

4. निविदा सूचना में वर्णित कार्यों जैसे पूर्व में किये गये एवं प्रगतिरत कार्यों की सूची संबंधीत पूर्ण विवरण सहित.

5. कार्यपालन अभियंता स्तर के अधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाण-पत्र जो वर्णित सामग्री की आपूर्ति का सफलतापूर्वक संचालित किया है.

6. निविदा प्रपत्र डाक द्वारा भी प्राप्त कर सकते हैं जिसके लिये आवेदक को निविदा प्रपत्र के अतिरिक्त डाक व्यय हेतु 50/- पचास रुपये मात्र अतिरिक्त भुगतान करने होंगे. डाक द्वारा भेजे गये निविदा प्रपत्र यदि सही समय पर प्राप्त नहीं होते तो उसके लिए विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी. निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से दिनांक 16-1-2006 को प्रदान किये जायेंगे एवं निविदा संबंधी अन्य विवरण अथवा जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन समय प्राप्त की जा सकती है.

7. नियत समय/दिनांक के पश्चात् अथवा धरोहर राशि उपयुक्त प्रारुप में न पाये जाने पर निविदा प्राप्त नहीं की जावेगी एवं उसे बिना खोले ही निविदाकार को वापस कर दिया जायेगा.

   बैंक गारंटी एवं डिपाजिट एट काल रसीद धरोहर राशि के रूप में मान्य नहीं होगा. अमानत राशि केवल म. प्र. मैन्यूवल के कंडिका 2.079 में वर्णित अमानत राशि ही मान्य होगा.

8. प्रदाय किये जाने वाले सामग्री का निरीक्षण D.G.S. & D./S.G.C./Rites द्वारा संबंधित आई.एस. कोड के अनुसार करवाकर एवं सत्यापित कर देना होगा.

9. समस्त विवादों का निपटारा सक्षम न्यायालय बिलासपुर जिले के अंतर्गत किया जायेगा.

10. निविदा सूचना छ. ग. शासन के वेबसाइट http/www/chhattisgarh/NIC/Tender में भी उपलब्ध रहेगी. ठेकेदार/फर्म उक्त विज्ञप्ति E-mail के माध्यम से भी प्राप्त कर सकते हैं.

11. निविदा की वैधता निविदा खोलने की तिथि से 120 दिनों की होगी.

आर. के. गेंदले,
कार्यपालन अभियंता,
लोक. स्वा. यां. खंड, बिलासपुर (छ.ग.)

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2006.